**सिटी एंकर**

## लोगों को घर, फ्लैट और प्लॉट खरीदने में मदद मिलेगी

# 15 शीर्ष प्रोजेक्ट और बिल्डरों की नई रैंकिंग जारी

सिटी रिपोर्टर | पटना

भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), बिहार ने राजधानी समेत राज्यभर के प्रोजेक्ट और बिल्डरों की नई रैंकिंग जारी की है। यह पांचवीं रैंकिंग है। इससे लोगों को घर, फ्लैट और प्लॉट खरीदने में मदद मिलेगी। रैंकिंग देने की शुरुआत जुलाई 2024 में हुई थी। इस नवीनतम सूची में 15 नवंबर 2025 तक के आंकड़ों को ध्यान में रखा गया है। रेरा बिहार इस तरह की रैंकिंग देने वाला देश का पहला प्राधिकरण है। इस सूची में शीर्ष 15 प्रोजेक्ट और 15 प्रमोटरों के नाम हैं। इसे वेबसाइट https://rera.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।



रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि प्रमोटरों और प्रोजेक्ट्स की रैंकिंग की शुरुआत करने के बाद अब क्यूपीआर जमा करने की व्यवस्था में भी सुधार किए गए हैं, ताकि प्रमोटर इसे आसानी से भर सकें और घर खरीदने वाले प्रगति रिपोर्ट को आसानी से समझ सकें। तीन माह की प्रगति देख सकेंगे ग्राहक रेरा ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने की नई व्यवस्था लागू की है। प्रमोटरों को अब सभी सूचनाएं रेरा पोर्टल पर दिए गए प्रारूप में भरनी पड़ती हैं। इससे ग्राहकों को देखने में आसानी होती है। चूंकि यह व्यवस्था पहली बार लागू की गई थी, इसलिए प्रमोटरों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए क्यूपीआर जमा करने की अवधि एक माह बढ़ा दी गई थी।

**शीर्ष-15 प्रोजेक्ट:** 1-अंबर अजय पैलेस, 2-ममता पैलेस, 3-विन्सम गुरुतेज, 4-पीस टावर, 5-शारदा कॉम्प्लेक्स, 6-देव पैलेस, 7-नील राज, 8-बेला गार्डन अपार्टमेंट, 9-नैवेद्यम, 10-एंबीशन एलीट, 11-विन्सम एम्पायर ब्लॉक-ई, 12-पीस एस स्क्वायर, 13-अरुण वाटिका, 14-एससीबी कैंपस, 15-आराध्या रेजिडेंसी।

**शीर्ष-15 प्रमोटर :** 1-घराना एसोसिएट इन्फ्रा प्रमोटर्स, 2-आदित्य निवास डेवलपर, 3-अजल्फा बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन, 4-परी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर, 5-राज छविराज, 6-पुलमैन बिल्डकॉन, 7-क्वालिटी टेक इन्फ्रा होम, 8-परमानंद सिंह, 9-पंखुरी प्रोजेक्ट्स, 10-पीस बिल्डकॉन, 11-नानक कंस्ट्रक्शन, 12-निगार फातिमा, 13-ऑरेंज एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, 14-ओआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर, 15-राज हेवन कंस्ट्रक्शन एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड।